# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

ज्ञान शांति मैत्री

**Prof.(Dr.) Anil K. Rai 'Ankit'**
**Dean : School of Humanities & Social Sciences**
**Dean : Student's Walfare**
**Director : Centre for Communication and Media Studies**

**प्रो. (डॉ.) अनिल के. राय 'अंकित'**
**अधिष्ठाता : मानविकी व सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ**
**अधिष्ठाता : विद्यार्थी कल्याण**
**निदेशक : संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र**


पत्रांक : 26/2004/सीसीएमएस/605/2014
दिनांक: 15.12.14

## परिपत्र/सूचना

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय आगामी 29 दिसंबर, 2014 को अपना 17वां स्थापना दिवस समारोह उत्साह के साथ मनाने जा रहा है। स्थापना काल से लेकर अब तक विश्वविद्यालय ने अपने उद्देश्यों और लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में कई मजबूत कदम बढ़ाया है परंतु बहुत कुछ करना अभी बाकी है। समय व समाज सापेक्ष बदलाव और नवाचार अपेक्षित है, हम इस दिशा में सक्रिय हैं। शिक्षा और शोध के माध्यम से, विचार और व्यवहार के माध्यम से, कर्म और नेतृत्व के माध्यम से हम सामाजिक बदलाव के संवाहक बनने को तत्पर हैं।

भरसक प्रयास व सदिच्छा के बावजूद हममें विचलन संभव है, संभव है जनआकांक्षाओं और निहित दृष्टि से हम विमुख हों। पिछले सत्रह वर्षों में विश्वविद्यालय के प्रति आपकी नज़रिया क्या रही है, इसकी अकादमिक गतिविधियों, बौद्धिक विमर्शों और बदलाव व विकास की दिशा में किए गए प्रयासों से आप किस हद तक संतुष्ट अथवा असंतुष्ट हैं इस पर आपकी प्रतिक्रिया और सार्थक सुझाव अपेक्षित है। आपके सुझाव हमारे लिए मार्गदर्शन का कार्य करेंगे तथा भावी योजनाएं बनाने और अकादमिक गतिविधियों के संयोजन में सहयोगी होंगे। कृपया तत्संबंधी सुझाव व प्रतिक्रिया 29 दिसंबर, 2014 तक अधोहस्ताक्षरी के पास प्रेषित करने का कष्ट करें। इसे raianilankit@gmail.com पर भी अणुडाक द्वारा भेजा जा सकता है।

सहयोग की अपेक्षा में,

15/XII/14

**(प्रो. अनिल कुमार राय)**

**टिप्पणी :**

1. सुझाव तथा प्रतिक्रिया विश्वविद्यालय परिवार से सम्बद्ध वर्तमान एवं भूतपूर्व विद्यार्थियों, कर्मचारियों तथा शिक्षकों एवं अन्य गणमान्य विद्वतजनों से अपेक्षित है।
2. उक्त विषयक 'मंथन' विचार संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 31.12.2014 को प्रात: 11.00 बजे आचार्य रामचंद्र शुक्ल सभा मण्डप, विश्वविद्यालय परिसर में किया जा रहा है। 'मंथन' कार्यक्रम में आपकी सक्रिय सहभागिता अपेक्षित हे।

रा.भा./आव.सं. 180
दिनांक 15/12/2014

**प्रतिलिपि :**

1. कुलपति कार्यालय।
2. प्रतिकुलपति कार्यालय।
3. कुलसचिव कार्यालय।
4. समस्त विद्यापीठ/विभाग/केंद्र, अनुभाग, कार्यालय प्रमुख।
5. अध्यक्ष, शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारी संघ।
6. हिंदी अधिकारी, विवि. वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।
7. संयोजक, भूतपूर्व विद्यार्थी एवं पालक संचार प्रकोष्ठ।
8. समस्त सूचना-पट्ट।

16/12/14


गांधी हिल्स, वर्धा - 442005 (महाराष्ट्र) भारत
Gandhi Hill, Wardha- 442005 (Maharashtra), INDIA
Mob.: 094[illegible]05749 Ph. Off 07152-251170 Ph. Res. 07152251068
**Email : raianilankit@gmail.com** **ccmswardha@gmail.com**
**Website: www.hindivishwa.org** **www.ccmswardha.wordpress.com**